सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 207 | इंदौर, मंगलवार 10 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मथुरा के एक घर में 5 शव मिलने से मचा हड़कंप, मौके पर मिले हैं बस दूध के गिलास



**मथुरा, (एजेंसी) यूपी के मथुरा से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। महावन के गांव खप्परपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों लाश मिली है। शवों के पास दूध के गिलास मिले हैं। ऐसे में आशंका है कि पांचों ने दूध में जहर मिलाकर एक साथ सुसाइड कर लिया है। मरने वालों में पति-पत्नी एक बेटा और दो बेटियां हैं। देर रात किसी समय वारदात को अंजाम दिया गया। सुबह जब सभी नहीं उठे तो परिजनों और आसपास के लोगों घटना की जानकारी हुई। मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ ही आला अधिकारी भी पहुंचे हैं। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी ले रही है। मौत का सटीक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पता चल सकेगा।**

बताया जाता है कि खप्परपुर निवासी 35 वर्षीय मनीष खेती करते थे। सुबह जब परिवार का कोई सदस्य घर से नहीं निकला तो लोगों को शंका हुई। देखा गया कि मनीष के साथ ही उनकी पत्नी 32 वर्षीय सीमा, पांच वर्षीय बेटी हनी, चार वर्षीय प्रियांशी और दो वर्ष के बेटे पंकज के शव घर में पड़े हुए थे। एक साथ पांच शवों के देख चीख पुकार मच गई। तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस की मानें तो घर की रसोई की दीवार पर लिखा है हम स्वयं आत्महत्या कर रहे हैं। पुलिस आत्महत्या के कारणों को जानने के लिए मनीष के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ में जुटी है। मनीष के घर के बगल में ही उनके दो अन्य भाई रहते हैं। पिता का देहांत कुछ दिन पहले हो चुका है।

## लोहारपट्टी में कचरा देख नाराज हुए निगमायुक्त क्षितिज सिंघल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार को निगम अधिकारियों के साथ भागीरथपुरा और जोन क्रमांक-2 के अंतर्गत लोहारपट्‌टी इलाके का दौरा किया। इस दौरान लोहारपट्‌टी में कचरा समय पर नहीं उठाने और सफाई में लापरवाही पर दरोगा को फटकार लगाई और क्षेत्रीय सीएसआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयुक्त ने इलाके में पूरी तरह से सफाई के निर्देश दिए हैं।**

इससे पहले आयुक्त भागीरथपुरा पहुंचे और जलप्रदाय और ड्रेनेज लाइन से संबंधित कामों को देखा। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से काम की जानकारी ली और सभी काम तय समय में क्वालिटी के साथ जल्दी पूरा करने को कहा। आयुक्त ने इलाके में लोगों को बिना किसी परेशानी के नियमित जलप्रदाय करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं करने को भी बोला। निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे, जोनल अधिकारी, क्षेत्रीय सीएसआई सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। यहां से निगमायुक्त जोनल ऑफिस क्रमांक 14 हवा बंगला इलाके में सफाई व्यवस्था और विकास कामों को देखने पहुंचे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट पुलिस लाइन में किया अलंकरण समारोह को संबोधित

# मध्यप्रदेश पुलिस के प्रभावशाली अभियान से संभव हुआ लाल सलाम को आखरी सलाम




- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को दी क्रम से पूर्व पदोन्नति

**बालाघाट, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बालाघाट के नाम में ही बल है। इस जिले ने अपने आत्मबल से ही हिमालय जैसी कठिन चुनौती 'नक्सलवाद' का अंत करके दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में नक्सल उन्मूलन का माहौल बना। मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रभावशाली अभियान चलाकर नक्सलियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और प्रदेश से लाल सलाम को आखरी सलाम किया। नक्सल उन्मूलन में हॉक फोर्स के वीर जवानों की भूमिका अभिनंदनीय है। बालाघाट में नक्सलियों द्वारा कभी खून की होली खेली गई, परंतु जवानों को वीरता, पुलिस की दृढ़ इच्छाशक्ति और जनता के विश्वास ने क्षेत्र को नक्सल आतंक की जंजीरों से मुक्त किया। राज्य सरकार वीर शहीद जवानों को 'अमर जवान ज्योति' के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। हम गर्व से कह सकते हैं कि मध्यप्रदेश की धरती अब नक्सलियों से मुक्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में नक्सल मुठभेड़ में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले 60 जांबाज जवानों को क्रम से पूर्व पदोन्नति प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बालाघाट पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सलामी दी गई। मुख्यमंत्री



### सीएम बोले- पहली बार बालाघाट में होगी कैबिनेट

नक्सल समाप्त होने के बाद पहली बार मोहन कैबिनेट की बैठक बालाघाट में होगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने इसकी घोषणा की है। यहां उन्होंने शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। नक्सली गतिविधि पर लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम ने हॉक फोर्स के 60 जवानों को बैच लगाकर आउट-ऑफ-टर्न प्रमोशन दिया। जिन्होंने नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस का प्रदर्शन किया था। सीएम जिले में 100 करोड़ 90 लाख रुपए के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। यह पदोन्नति उन जवानों को दी गई, जिन्होंने 14 जून 2025 को रूपझर थाना क्षेत्र के पचामादादर-कटेझिरिया पहाड़ी जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

डॉ. यादव ने 'अमर जवान ज्योति' पर पुष्प चक्र अर्पित कर प्रदेश की शांति और सुरक्षा के लिए शहीद होने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आईएसओ मानकों के अनुसार तैयार बालाघाट जिले के 32 पुलिस स्टेशनों और अन्य शासकीय कार्यालयों का रिमोट से लोकार्पण किया, इससे संबंधित प्रमाण पत्र भी मंच से प्रदान किए गए। इस अवसर पर पुलिस जवानों ने 'वो बांके अलबेले- जो वापस न लौटे- इस मिट्टी के बेटे' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'नक्सल संस्मरण' पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन, एडीजी नक्सल विरोधी अभियान वेंकटेश्वर राव, पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा सहित विधायक गण तथा जनप्रतिनिधि विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह खेद का विषय है कि बालाघाट में पूर्व में तत्कालीन सरकार के मंत्री श्री लिखीराम कावरे की सरेआम हत्या कर दी गई थी। हमारे लिए यह बड़ी चुनौती थी, क्योंकि मध्यप्रदेश की 836 किलोमीटर लंबी सीमा छत्तीसगढ़ से लगती है। मध्यप्रदेश ने 38 पुलिस जवान और 27 आम नागरिक को खोया है। बाबा महाकाल के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने नक्सलवादियों को जड़ से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है। सघन जंगल के चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी हॉक फोर्स ने मेगाकासो रणनीति बनाकर नक्सलियों को खदेड़ा और 4 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया। पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक 4104 नक्सल विरोधी अभियान, मानसून और जंगली जानवरों की चुनौतियों के बावजूद भी जारी रहे। हमारी फोर्स ने वर्ष 2025 में अब तक के 10 सर्वाधिक हार्ड कोर नक्सलियों को ढेर किया है। नक्सलियों से कहा गया था कि सरेंडर करो या मारे जाओगे, पुलिस ने राज्य सरकार की इस चेतावनी को वीर जवानों ने सार्थक कर दिखाया। स्कूल शिक्षा, परिवहन एवं जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज बालाघाट जिले के लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय दिन है, मध्यप्रदेश की धरती नक्सल समस्या से मुक्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में सरकार, पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एक साथ मिलकर कार्य किया. एडीजी, नक्सल विरोधी अभियान श्री वेंकटेश्वर राव ने कहा कि देश भक्ति और जनसेवा हमारा संकल्प है। नक्सल विरोधी अभियान में अब तक 38 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने कुछ महीने पहले हुए इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के बलिदान को नमन किया। राज्य सरकार ने हॉक फोर्स ने 882 पदों को स्वीकृत कराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक बालाघाट के मार्गदर्शन में सामाजिक सहयोग से जिले में शांति बहाली के लिए कार्य जारी हैं। पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आवश्वस्त किया कि जहां बंदूक की गोलियां गूंजती थीं वहां अब रोजगार-विश्वास और शिक्षा का शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन गौरव से परिपूर्ण है।

योजनाओं की संतृप्ति और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण तथा त्वरित निराकरण के लिए दिए गए अधिकारियों को निर्देश

# जिले में होस्टलों के विद्यार्थियों के लिए शुरू होगा 'अपनत्व अभियान'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता, जवाबदेही और जनसंतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज समय-सीमा पत्रों (टीएल) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के त्वरित, सकारात्मक और गुणवत्तापूर्ण निराकरण, लंबित प्रकरणों की समीक्षा, जनकल्याणकारी योजनाओं की संतृप्ति, औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधार जैसे कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।**



इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाडे, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, श्रीमती निशा डामोर, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले में सीएम हेल्प लाईन के तहत दर्ज प्रत्येक शिकायत का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए और शिकायतकर्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में उन्होंने रेण्डम रूप से विभिन्न विभागों में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निराकरण में लापरवाही या देरी पाई गई, उन्हें सख्त चेतावनी दी गई। गंभीर लापरवाही वाले मामलों में संबंधित अधिकारियों पर पेनल्टी लगाई गई। साथ ही अतिरिक्त विलंब वाले मामलों की जांच के लिए जॉइंट कलेक्टर की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई है।

बैठक में बताया गया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और मानसिक सहयोग के उद्देश्य से जिले में "अपनत्व अभियान" प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों को हॉस्टल आवंटित किए गए हैं। अधिकारी हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं समझेंगे और अभिभावक की भूमिका निभाते हुए उन्हें मार्गदर्शन देंगे। साथ ही हॉस्टलों में लाइटिंग, टॉयलेट और अन्य आधारभूत सुविधाओं की भी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। बैठक में श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आवंटित हॉस्टलों का संवेदनशीलता के साथ निरीक्षण करें।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने चिन्हित महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले में संतृप्ति स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए। लक्ष्य यह है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे। इन योजनाओं की नियमित समीक्षा टीएल बैठकों में की जाएगी। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने औद्योगिक क्षेत्रों में दूषित जल के उचित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बताया गया कि जिन फैक्ट्रियों में एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट ईटीपी संचालित नहीं हो रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। उद्योगों के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वैकल्पिक रूप से पंजीकृत ईटीपी प्लांट में कंटेनर के माध्यम से अपशिष्ट भेजें। नियमों का पालन नहीं करने पर सीलिंग और एफआईआर जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने इंदौर में सुगम यातायात बनाए रखने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न फ्री करने, आवश्यक सुधार कार्य करने, सौन्दर्यीकरण करने, लिंक रोड से अतिक्रमण हटाने तथा नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट समाप्त करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। साथ ही निर्धारित पार्किंग स्थलों पर वाहनों की पार्किंग भी निश्चित करायी जाए। बताया गया कि साथ ही विभिन्न एजेंसियों द्वारा बनाए जा रहे फ्लाईओवर प्रोजेक्ट्स की भी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी विकास कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और सुगम जीवन मिल सके। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में जल सुनवाई के प्रभावी आयोजन के निर्देश दिए गए।

जिले में जनगणना 2027 की व्यापक तैयारियां प्रारंभ

## दो चरणों में होगी जनगणना



● पहला चरण अप्रैल 2026 से होगा शुरू

**इंदौर**। जिले में जनगणना 2027 की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है। जिले में दो चरणों में जनगणना का कार्य होगा। पहला चरण अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा। यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जनगणना संबंधी जिला समन्वय समिति की पहली बैठक में दी गई। बैठक में जनगणना संबंधी नियम और निर्देशों तथा निर्धारित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई।

बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जनगणना में गुणवत्ता और उच्च स्तर से प्राप्त नियमों और निर्देशों का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बताया गया कि जनगणना का पहला चरण अप्रैल से प्रारंभ होगा। इस चरण में एक मई से 30 मई 2026 तक घर-घर जाकर मकानों की सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इसके पूर्व 15 दिन की समयावधि में ऐप के माध्यम से स्व-गणना का विकल्प भी मौजूद रहेगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में प्रस्तावित है। इस दूसरे चरण में डिजिटल माध्यम से घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। जनसंख्या 2027 के लिए संदर्भ तारीख एक मार्च 2027 होगी।

बैठक में आगामी जनगणना कार्य को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। बताया गया कि जनगणना की प्रक्रिया में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी। इन्हें विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति की जा रही है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती निशा डामोर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में 30 करोड़ रूपए की लागत से अत्याधुनिक 100 बिस्तरों का नया भवन बनेगा

नई इमारत जी प्लस 4 होगी, जनरल और स्पेशल दोनों तरह के होंगे वार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आने वाले दिनों में रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में 100 बिस्तरों का एक अत्याधुनिक अस्पताल भवन बनेगा। इस भवन की अनुमानित लागत 30 करोड़ रूपये होगी। यह इमारत 24 हजार वर्गफीट में बनेगी, जो जी प्लस 4 होगी। इस इमारत में स्त्री रोग, हृदय रोग विभाग सहित आईसीयू आदि होंगे। साथ ही मरीजों की सुविधा के लिये जनरल और स्पेशल दोनों तरह के वार्ड होंगे।**



यह जानकारी रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में आयोजित बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने दी। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने बताया कि नये भवन के निर्माण संबंधी प्रक्रिया आगामी तीन महिनों में पूरी कर ली जाएगी। बैठक में रॉबर्ट नर्सिंग होम के ट्रस्टियों ने प्रस्तावित नये भवन की डिजाइन दिखायी। बैठक में रॉबर्ट नर्सिंग होम ट्रस्ट की ओर से डॉ. विजयसेन यशलाहा, डॉ. मुकेश खापरा, किशोर रघुवंशी, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, सर्वज्ञ भटनागर, सिस्टर अर्चना एवं आर्किटेक्ट पी.के. केमकर शामिल हुए। डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर का रॉबर्ट नर्सिंग होम वर्षों पुराना स्थापित अस्पताल है। जहां सभी तरह के मरीज उपचार के लिये आते हैं। रियायत दर पर मरीजों का उपचार किया जाता है। डॉ खाड़े ने आगे कहा कि मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए रॉबर्ट नर्सिंग होम परिसर में 100 बिस्तरों का एक नया अत्याधुनिक भवन बनाना प्रस्तावित है। इस भवन के लिये जगह चिन्हित कर ली गई है। डॉ. खाडे ने रॉबर्ट नर्सिंग होम से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

## हर बूथ पर तैनात होंगी महिला प्रभारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **वोट बैंक की राजनीति में कांग्रेस इस बार महिला कार्यकर्ताओं के दम पर बाजी पलटने की तैयारी में है। सेवादल से लेकर एनएसयूआई तक की महिला विंग को सक्रिय कर पार्टी हर बूथ पर एक नया शक्ति केंद्र (महिला मंडल) बनाने जा रही है। पार्टी का मानना है कि इससे महिला मतदाताओं के बीच कांग्रेस की पकड़ और मजबूत होगी।**

इसके लिए कांग्रेस ने जमीनी स्तर पर एक मेगा प्लान तैयार किया है, जिसके तहत नगर निगम के 85 वार्डों के कुल 1636 बूथों पर महिला बूथ प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी। कांग्रेस अपनी इस रणनीति में किसी नए प्रयोग के बजाय अनुभवी और सक्रिय चेहरों पर दांव लगा रही है।

पार्टी की योजना के मुताबिक महिला कांग्रेस की पुरानी और सक्रिय नेताओं को कमान सौंपी जाएगी। एनएसयूआई, सेवादल और यूथ कांग्रेस से जुड़ी महिला नेत्रियों को उनके ही वार्ड में बूथ प्रभारी बनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है।

पार्टी सिर्फ प्रभारियों की नियुक्ति तक सीमित नहीं है। योजना के अनुसार, प्रत्येक बूथ पर एक 'महिला मंडल' का गठन किया जाएगा। ये महिला मंडल घर-घर जाकर जनसंपर्क करेंगे, मतदाताओं से सीधा संवाद करेंगे और चुनाव के दौरान होने वाली सभी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### रालामंडल ब्रिज पर ट्रैफिक शुरू

# फ्लायओवर से अब खंडवा रोड और तिंछा जाना हुआ आसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। 40 करोड़ की लागत से तैयार रालामंडल फ्लायओवर को सोमवार से खोल दिया गया है। डेढ़ साल की देरी और कई हादसों के बाद खुले इस ब्रिज से अब हर दिन 1 लाख से ज्यादा वाहन बिना रुके गुजर सकेंगे। रालामंडल फ्लायओवर शुरू होने से अब तिल्लौर और रालामंडल की तरफ जाने वाले वाहनों को जान जोखिम में डालकर डिवाइडर पार नहीं करना पड़ेगा। इस ब्रिज के शुरू होने से न केवल समय बचेगा बल्कि ईंधन की



भी बड़ी बचत होगी। 800 मीटर लंबा यह छह लेन ब्रिज अपनी तय समयसीमा से लगभग दो साल देरी से तैयार हुआ है। फिलहाल अधूरी तैयारियों के बीच इसकी एक ही लेन ट्रैफिक के लिए शुरू की गई है। अभी मांगलिया से तेजाजी नगर की दिशा में जाने वाली लेन ही खोली गई है, जबकि दूसरी लेन पर ट्रैफिक शुरू नहीं किया गया है। पिछले चार दिनों से ब्रिज पर ट्रायल रन चल रहा था, जिसके बाद सोमवार से आंशिक रूप से इसे खोल दिया गया। फिनिशिंग अधूरी है और डिवाइडर की जगह रेत की बोरियां रखी हैं, लेकिन ट्रैफिक के दबाव को देखते हुए प्रशासन ने इसे शुरू करने का फैसला लिया है। बायपास पर अर्जुन बड़ौद और एमआर-10 जंक्शन के ब्रिज भी तैयार किए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार इन्हें ट्रैफिक के लिए खोलने में अभी तीन से चार महीने लग सकते हैं। इन प्रोजेक्ट्स के पूरे होने से शहर का ट्रैफिक और सुगम होने की उम्मीद है।

## पुलिसकर्मी की पत्नी ने आत्महत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पीटीसी परिसर में एक पुलिसकर्मी की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह पति ने पत्नी को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। पुलिस के अनुसार



मृतका का नाम स्नेहा जादौन (24) है। उनके पति का नाम शैलेन्द्र जादौन है, जो पीटीसी में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं और वहीं रहते हैं। पति सोमवार सुबह पत्नी के शव को लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। स्नेहा का एक तीन साल का बच्चा है। शैलेन्द्र पीटीसी में ड्यूटी लगाने का कार्य करता है। वह मुरैना का रहने वाला है। उनका भाई सत्येन्द्र भी संयोगितागंज थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ है। स्नेहा भी मुरैना की रहने वाली है। मायके पक्ष के लोगों को घटना की जानकारी दे दी गई है। स्नेहा के पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं। परिवार में दो भाई और एक भाभी हैं, जिनमें से एक भाई व्यापारी है और दूसरा प्रॉपर्टी का काम करता है। सभी परिजन इंदौर के लिए रवाना हो चुके हैं। आजाद नगर टीआई लोकेश सिंह भदौरिया के अनुसार, अभी मौके से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## निजी कंपनी के ड्राइवर ने भी फांसी लगाई

**इंदौर**। अभिषेक नगर क्षेत्र में भी रविवार को आत्महत्या की एक और घटना सामने आई है। पुलिस के मुताबिक कपिल सिसौदिया (30) पुत्र मोहनलाल सिसौदिया ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। कपिल एक निजी कंपनी में वाहन चालक था। रविवार शाम वह घर लौटा था। परिजनों को लगा कि वह कमरे में सो रहा है, लेकिन जब उसकी पत्नी कमरे में पहुंची तो वह फंदे पर लटका मिला। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी गई और कपिल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय कपिल की पत्नी रसोई में खाना बना रही थी, जबकि उसका बेटा और बेटी बाहर दादी के पास खेल रहे थे। वहीं कपिल के पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे। परिजनों ने बताया कि कपिल की दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। परिजनों के मुताबिक कपिल ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इसकी कोई वजह फिलहाल सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि संभव है घर के बाहर उसकी किसी से बातचीत हुई हो। फिलहाल उसके मोबाइल नंबर के आधार पर दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है।

# कॉलेज छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे डाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डीआरपी लाइन स्थित क्वार्टर में रविवार को एक 17 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। छात्रा मूल रूप से धार जिले की रहने वाली थी और इंदौर में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रही थी। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**



एमजी रोड थाना पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान दुर्गा कन्नोजे (17) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली थी। इस पर उसकी चचेरी बहन उसे देखने कमरे तक गई, लेकिन वापस लौट आई। कुछ समय बाद जब दुर्गा को फिर आवाज दी गई और अंदर से कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने अपने पिता विक्रम को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा, जहां दुर्गा अंदर फंदे पर लटकी हुई मिली। परिजनों के अनुसार दुर्गा एक दिन पहले ही धार से इंदौर आई थी। इससे पहले वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी, लेकिन कॉलेज की पढ़ाई शुरू होने के बाद वह अपने चाचा के यहां रहने लगी थी। पुलिस को मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। दुर्गा के पिता किसान हैं और उसकी एक बहन व एक भाई गांव में रहते हैं। वहीं, उसके चाचा और बुआ इंदौर पुलिस में पदस्थ बताए गए हैं।

### पुराने कपड़ों के अंदर पहन लिए थे नए कपड़े

# रिलायंस फैशन फैक्ट्री से कपड़े चुराते पकड़ाए युवक

**इंदौर। द्वारकापुरी में रिलायंस फैशन फैक्ट्री में चोरी की वारदात सामने आई है। डिपार्टमेंट मैनेजर ने दो युवकों को रंगे हाथों पकड़ा और द्वारकापुरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करते हुए युवकों से करीब 32 हजार रुपए का सामान बरामद कर लिया है। ये वही युवक हैं, जिन्होंने पांच माह पहले भी इसी फैक्ट्री से चोरी की थी और इंदौर में रहे उनके गांव के आईपीएस अधिकारी ने उन्हें बगैर कार्रवाई छुड़वा दिया था।**

द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि चोरी के मामले में रामराज पुत्र घनश्याम मीणा ग्राम पिलोदा तहसील बजीरपुर जिला सवाई माधोपुर राजस्थान और राहुल पुत्र धर्मराज मीणा को पकड़ा है। वहीं फैक्ट्री के मैनेजर रवीन्द्र मौर्य ने बताया कि रविवार दोपहर दोनों युवक कपड़े खरीदने आए थे। वे ट्राई करने के लिए चेंजिंग रूम गए, जहां नए कपड़ों के टैग निकाले और पहन लिए। उनके ऊपर से अपने पुराने कपड़े पहन लिए और आउटलेट से बाहर जा रहे थे। गेट पर मशीन की बीप बज गई। जिससे गार्ड को शक हुआ और दोनों की तलाश ली गई। जांच में पता चला कि युवकों ने अपने पेंट के अंदर 3 जींस और शर्ट के अंदर 7 शर्ट पहन रखी थीं। उन्हें पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### सोने की चेन चुराई

द्वारकापुरी पुलिस ने सुमन चौहान निवासी सुदामा नगर की शिकायत पर अज्ञात ऑटो ड्राइवर और उसमें बैठी एक महिला और दो युवकों के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज की है। महिला ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां गंगानगर गई थी। यहां से बेटी के साथ वापस घर आ रही थी। स्कीम नंबर 71 के दस्तूर गार्डन के पास ऑटो ड्राइवर ने सुमन और उनकी बेटी को यह कहते हुए उतार दिया कि वह पीछे की गली में तीनों सवारी को उतारकर आएगा, लेकिन काफी देर तक नहीं आया। बाद में उनका गले पर ध्यान गया तो सोने की चेन नहीं थी। पीड़िता थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई है।

## धीरेंद्र शास्त्री ने बेची मिठाई, बोले-मन के भाव ले लो...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री रविवार रात अलग ही अंदाज में नजर आए। वे अचानक छतरपुर शहर की एक मिठाई दुकान पर पहुंच गए। वहां पहले रसगुल्ला खाया, फिर रसमलाई का स्वाद लिया। शास्त्री ने गद्दी पर बैठकर आवाज लगाई- लड्डू ले लो, पेड़ा ले लो। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छतरपुर शहर के छत्रसाल चौराहे स्थित कंचन स्वीट्स पर पहुंचे थे। उस वक्त संचालक अशोक अग्रवाल अपनी दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। शास्त्री ने अपनी गाड़ी रुकवाई और सीधे दुकान के अंदर चले गए। बिना किसी औपचारिकता के दुकान मालिक की गद्दी पर बैठ गए। मिठाई खाने लगे। दुकानदार अशोक अग्रवाल ने शास्त्री का तिलक किया। माला पहनाई। शास्त्री ने अग्रवाल के बेटे को गले लगाकर आशीर्वाद दिया। शास्त्री गद्दी पर बैठकर मजाकिया अंदाज में मिठाई बेचने की आवाज लगाने लगे। बोले- बर्फी ले लो। पेड़ा ले लो। लड्डू ले लो। अपने मन के भाव। फिर खिलखिलाकर हंस पड़े। दुकानदार अशोक अग्रवाल ने कहा- यह हमारे जीवन का सौभाग्य है कि बाबा खुद चलकर आधी रात हमारी छोटी सी दुकान पर आए। उन्होंने मिठाई खाई और गद्दी पर बैठे। जिनसे मिलने के लिए लोग सालों इंतजार करते हैं, उनका यूं अचानक आना हमारे पूरे परिवार के लिए अविस्मरणीय है।

# केंद्रीय बजट के अनुरूप परियोजनाओं और योजनाओं के प्रस्ताव भेजने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विभाग अध्यक्षों सहित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव से अपेक्षा की है कि वे केंद्रीय बजट के प्रावधानों के अनुरूप परियोजनाएं और योजनाएं तैयार कर भारत सरकार को भेजें इससे मध्यप्रदेश के प्राथमिकता क्षेत्र को अत्यधिक लाभ मिल सके। मंत्रालय में सोमवार को बैठक में मध्यप्रदेश विधान सभा के बजट सत्र की तैयारियों, वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की पूर्ति, सुशासन के बिंदुओं सहित मंत्रि-परिषद के निर्णयों के पालन की समीक्षा की।**



मुख्य सचिव श्री जैन ने मध्यप्रदेश विधानसभा के आगामी बजट सत्र की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए हैं कि पिछले सत्रों के शून्यकाल सूचनाओं सहित अपूर्ण उत्तर वाले प्रश्न, आश्वासन और लोक लेखा समिति की अनुशंसाओं के लंबित मामले यथाशीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय परामर्शदात्री समितियों की बैठक करने के साथ ही विधानसभा को विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने के लिए कहा है।

### वार्षिक पूंजीगत खर्चों की समीक्षा

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि आर्थिक ग्रोथ में पूंजीगत खर्चों का अहम योगदान होता है। अपर मुख्य सचिव मनीष रस्तोगी ने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस वित्त वर्ष में पूंजीगत खर्चों में वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति बेहतर है। मुख्य सचिव श्री जैन ने ऐसे विभाग जिनमें अभी भी राशि उपलब्ध है, उनसे कहा है कि इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए साप्ताहिक प्लान बनाकर वास्तविक व्यय सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय बजट प्रस्ताव पर विमर्श

मुख्य सचिव श्री जैन ने निर्देशित किया कि हाल में आए केंद्र सरकार के बजट के प्रावधानों के अनुरूप मध्यप्रदेश में सिटी इकोनॉमिक रीजन, डेडीकेटेड केमिकल और पेट्रोकेमिकल पार्क और मेगा टेक्सटाइल पार्क सहित अन्य परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के दिशा निर्देशों को भी समाहित कर यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजे जाएं। मुख्य सचिव श्री जैन आयुर्वेदिक विश्वविद्याल के लिए प्रस्ताव भेजने पर आयुष विभाग की सराहना भी की।

उज्जैन में फ्रिज में शार्ट सर्किट से धमाका

# योगेश्वरी टेकरी पर मकानों में लगी आग 2 घर का सामान खाक, लाखों का नुकसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में एक फ्रिज में ब्लास्ट हो गया। रविवार शाम करीब 4:30 बजे योगेश्वरी टेकरी क्षेत्र स्थित एक मकान में रखे फ्रिज में शॉर्ट सर्किट के कारण विस्फोट हुआ, जिससे आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग से दो मकानों में रखा सामान जलकर खाक हो गया। जबकि आसपास के तीन अन्य मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय घरों में कोई मौजूद नहीं था। पड़ोसियों ने धुआं और आग की लपटें देखकर तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।**



योगेश्वरी टेकरी ऊंचाई पर स्थित होने के कारण दमकल की गाड़ियां घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाईं। दमकल कर्मियों ने नीचे से पाइप बिछाकर पानी पहुंचाया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, आग बुझने तक चार मकान पूरी तरह जल चुके थे। आग से सबसे अधिक नुकसान गोरेश्वरी तंवर के मकान को हुआ। उन्होंने बताया, 'मेरा पूरा घर जल गया है, कुछ भी नहीं बचा। फ्रिज ब्लास्ट हो गया था, हमें पता ही नहीं चला क्योंकि हम घर पर नहीं थे। तीन-चार घरों में आग लग गई, मेरा घर पूरी तरह जल चुका है।'

पड़ोस में रहने वाली नर्मदा कुमावत ने बताया कि घर का सारा सामान, टीवी, फ्रिज, सोफा और कपड़े जलकर राख हो गए। गनीमत रही कि घर में कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सीमा ललावत का घर भी आग की चपेट में आया है। उन्होंने बताया कि मैं काम पर गई थीं, तभी उनके पति का फोन आया कि पड़ोस में आग लग गई। लौटीं तो सारा सामान जल चुका था।

सीएसपी राहुल देशमुख ने बताया कि आग लगने के सही कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में फ्रिज में शॉर्ट सर्किट और ब्लास्ट की बात सामने आई है, लेकिन इसकी पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगी।

# बर्फ पिघलने से मप्र में आएंगी सर्द हवाएं..., ठिठुरन रहेगी

**अगले 2 दिन तेज ठंड नहीं, 3-4 डिग्री बढ़ेगा टेम्प्रेचर, ग्वालियर-चंबल में ज्यादा असर**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में अगले 2 दिन तेज ठंड नहीं पड़ेगी। इससे टेम्प्रेचर 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा। पहाड़ों से जब साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) गुजर जाएगा और बर्फ पिघलेगी तो प्रदेश में सर्द हवाएं फिर से ठिठुरन बढ़ाएगी। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे की माने तो पूरे फरवरी महीने मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर देखने को मिलेगा। फिलहाल बारिश होने के आसार नहीं है।

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। वहीं, पहाड़ों में बर्फबारी और बारिश होने का अनुमान है। इस वजह से प्रदेश में अगले 2 दिन तक तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्से में सोमवार को दिन में तेज धूप खिली रही। इससे अधिकतम तापमान में बढ़ा हुआ रहा। हालांकि, रात व अलसुबह ठंड का असर बरकरार रहेगा। पारे में जरूर बढ़ोतरी होगी।

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया, सिस्टम गुजरने और बर्फ पिघलने के बाद मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। 13, 14 और 15 फरवरी को तापमान में गिरावट होगी और ठंड का असर बढ़ जाएगी। उत्तर से ठंडी हवाओं का असर भी देखने को मिलेगा। रविवार-सोमवार की रात में प्रदेश के 13 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से कम रहा। प्रदेश का सबसे ठंडा कटनी का करौंदी रहा। यहां न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## मंत्री श्री शाह मामले की सुनवाई टली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान के मामले में 9 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। जैसे ही विजय शाह के मामले की सुनवाई का समय आया, कोर्ट का समय समाप्त हो गया। अब इस मामले में आगामी दिनों में सुनवाई होगी। हालांकि, राज्य सरकार की ओर से कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट पहले ही पेश की जा चुकी है। उम्मीद थी कि सुनवाई के दौरान मंत्री के खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही को लेकर कोई निर्णय लिया जा सकता है। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शनिवार रात दिल्ली प्रवास के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले थे। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान मंत्री विजय शाह को लेकर बने हालात पर चर्चा हुई। इसके अलावा, सीनियर वकीलों से भी मामले में सलाह ली गई है, ताकि कोर्ट में सरकार अपना पक्ष मजबूती से रख सके।

# मंदिर की छत टूटकर गिरी, 3 बच्चियों की मौके पर ही मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में सोमवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक मंदिर के छत की पटिया टूटकर गिरने से मंदिर के अंदर मौजूद तीन बच्चियों की मौत हो गई जबकि पांच बच्चियां और एक दंपती घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना मुरैना जिले के अहरोली गांव की है। जानकारी के अनुसार मुरैना के अहरोली गांव में स्थित माता मंदिर में एक दंपति प्रसाद चढ़ाने के लिए पहुंचे थे। प्रसाद वितरण करने के लिए उन्होंने मंदिर के अंदर कुछ बच्चियों को भी बुला लिया था। जिस वक्त यह सभी लोग मंदिर के अंदर मौजूद थे तभी अचानक मंदिर के छत की एक पटिया टूटकर अचानक गिर गई। पटिया की चपेट में आने से मंदिर के अंदर मौजूद तीन बच्चियों की मौत हो गई जबकि तीन से चार बच्चियां घायल हो गई। इस हादसे में मंदिर के अंदर मौजूद दंपति भी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा है। अचानक हुए इस हादसे की वजह से गांव में हड़कंप मच गया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे में जिन बच्चियों की मौत हुई है उनकी पहचान हो गई है। जानकारी के अनुसार, बच्चियों का नाम वैष्णवी, करिश्मा और छाया बताया गया है। बच्चियों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। वहीं, पुलिस की टीम भी एक्टिव हो गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, सोमवार को मुंगावली से गौड़ सामज के लोग मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे। यहां पूजा के बाद कन्या भोज और प्रसाद बांटने का कार्यक्रम था।

कन्या भोज के लिए गांव की छोटी बच्चियों को बुलाया गया था। हादसे के समय बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। मंदिर में एक स्लैब अचानक टूटकर नीचे गिरा जिसके बाद छत भरभरा कर गिर गई।

Health is Wealth

## संपादकीय

# मोदी की इजरायल यात्रा और गाजा शांति पहल कूटनीति की अग्निपरीक्षा

भारत अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पीस ऑफ बोर्ड का हिस्सा नहीं बना है और इसलिए लग नहीं रहा कि 19 फरवरी को वॉशिंगटन में होने जा रही इसकी पहली औपचारिक बैठक में शामिल भी होगा। यह मुद्दा हाल ही में दिल्ली में संपन्न हुए भारत-अरब लीग के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी उठ चुका है। इस बैठक में भारत ने ट्रंप की इस पहल पर अरब लीग के देशों की राय को ध्यान से सुना है, लेकिन इसपर इसकी खुद की रणनीति क्या है, यह जाहिर नहीं होने दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार उसे पुख्ता तौर पर पता चला है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने के प्रस्ताव पर भारत सरकार अभी भी गौर कर रही है। लेकिन, वॉशिंगटन में होने वाली शुरुआती बैठक में अब जितना वक्त बच गया है, उससे यह लगभग तय कि इसका हिस्सा भारत नहीं बनने जा रहा। यह बैठक वॉशिंगटन के डोनाल्ड जे ट्रंप यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस में आयोजित की गई है। भारत ने इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के समाधान के लिए हमेशा से ही दो-राष्ट्र वाले समाधान की वकालत की है। वैसे मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत और इजरायल के संबंधों ने नए आसमान छूए हैं। ऐसे में अगर भारत आगे भी ट्रंप की पहल का हिस्सा बनने पर विचार करता है, तो उसे इस बात पर भी गौर करना पड़ेगा कि वह फिलिस्तीन के साथ अपने संबंधों को किसी तरह से नई धार दे सकता है। भारत को ट्रंप के ऑफर को स्वीकार करने में जो देरी हो रही है, उसकी एक वजह यह भी है कि बोर्ड ऑफ पीस में इसके दो दुश्मनों पाकिस्तान और तुर्की की गजब की जुगलबंदी है। ट्रंप सरकार पहले गाजा में पाकिस्तान को फोर्स भेजने के लिए भी प्रोत्साहन दे चुकी है। इन दोनों की इस बोर्ड में मौजूदगी की वजह से भारत के लिए फिलिस्तीन और इजरायल के साथ तालमेल बिठाना ज्यादा चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि इसी महीने के आखिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल भी जाने वाले हैं। 2017 के बाद यह उनकी पहली इजरायल यात्रा होगी और वे इस देश में जाने वाले पहले पहले भारतीय प्रधानमंत्री भी हैं। पीएम मोदी के तेल अवीव और यरुशलम जाने की संभावना है। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात और तेजी बदल रही जियोपॉलिटिक्स को देखते हुए भारत की आगे की रणनीति क्या होगी, पीएम मोदी के दौरे में यह एजेंडा भी हावी हो सकता है। कुछ इंटरनेशनल मीडिया रिपोर्ट है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी बोर्ड ऑफ पीस बैठक में शामिल हो सकते हैं। अगर ऐसा होता है ति यह इजरायल पर हमास के आंतकियों के अक्टूबर, 2023 में किए गए खौफनाक हमले के बाद उनकी अरब और मुस्लिम देशों के नेताओं के साथ पहली बैठक होगी।

ये 7 लक्षण दिखें तो सावधान!

# जल्द ही शुगर, कोलेस्ट्रॉल, बीपी या फैटी लिवर के मरीज बन सकते हैं आप!



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में बढ़ता वजन, थकान और कमजोरी बने रहना काफी आम हो गया है। अक्सर लोग इन्हें खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ी गलती मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन कई बार वजह शरीर का धीमा मेटाबॉलिज्म भी हो सकता है। मेटाबॉलिज्म वह प्रक्रिया है जिससे शरीर खाना पचाकर उसे ऊर्जा में बदलता है। जब यह प्रक्रिया धीमी हो जाती है, तो शरीर सही तरह से कैलोरी बर्न नहीं कर पाता और कई तरह के हेल्थ इश्यूज सामने आने लगते हैं। डॉ शालिनी कहती हैं कि अगर आपका मेटाबॉलिज्म स्लो है, तो आपकी बॉडी, हार्मोन और एनर्जी हमेशा ही लो रहेंगे। ऐसे में बीपी, कोलेस्ट्रॉल, शुगर और फैटी लिवर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। उन्होंने ऐसे 7 लक्षण बताए हैं, जो स्लो मेटाबॉलिज्म होने पर दिखाई पड़ते हैं। आइए जानते हैं-

### ● तेजी से वजन बढ़ना

अगर आप भी उन लोगों में से एक हैं जो थोड़ा सा भी खा लें तो वजन तेजी से बढ़ने लगता है, तो ये आपके स्लो मेटाबॉलिज्म की वजह से हो सकता है। दरअसल मेटाबॉलिज्म स्लो होने की वजह से बॉडी कैलोरी को सही तरीके से बर्न नहीं कर पाती है, जिस वजह से वजन काफी तेजी से बढ़ना शुरू हो जाता है।

### ● कब्ज या धीमा पाचन

धीमे मेटाबॉलिज्म का असर पाचन पर भी पड़ता है। ऐसे में अक्सर कब्ज या पाचन से जुड़ी कोई ना कोई समस्या बनी ही रहती है। पाचन सही ना होने की वजह से खाने के बाद पेट भी काफी भरा-भरा सा रहता है।

### ● हर समय ठंड लगना

डॉक्टर कहती हैं कि अगर आपको बाकी लोगों की तुलना में ज्यादा ठंडा लगना शुरू हो गई है, तो ये भी मेटाबॉलिज्म के स्लो होना का लक्षण हो सकता है। दरअसल मेटाबॉलिज्म शरीर का तापमान बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। जब यह धीमा पड़ जाता है तो शरीर पर्याप्त गर्मी पैदा नहीं कर पाता और आपको ज्यादा ठंड लगती है।

### ● ड्राई स्किन और हेयरफॉल की समस्या

मेटाबॉलिज्म के स्लो डाउन होने का असर आपकी स्किन और हेयर हेल्थ पर भी नजर आता है। ऐसे में स्किन काफी ज्यादा ड्राई और बेजान दिखना शुरू हो जाती है। इसके अलावा बालों का झड़ना या कमजोर होना भी इसी का एक लक्षण है, क्योंकि शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं और शरीर का रिपेयर सिस्टम भी धीमा हो जाता है।

### ● हर समय नींद आना

रात में पर्याप्त नींद लेने के बाद भी अगर आपको हर समय नींद ही आती रहती है, तो हो सकता है आपका मेटाबॉलिज्म स्लो हो रहा हो। जब शरीर भोजन को सही तरीके से ऊर्जा में नहीं बदल पाता, तो शरीर में एनर्जी की कमी होने लगती है। इसकी वजह से बार-बार नींद आना, काम में मन ना लगना और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी महसूस होना जैसी दिक्कतें होने लगती हैं।

### ● मीठा खाने की क्रेविंग बढ़ना

अगर आपको बार-बार कुछ मीठा खाने की क्रेविंग होती है, तो यह भी मेटाबॉलिज्म के धीमे होने का संकेत हो सकता है। जब शरीर को पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिलती, तो वह हाई कैलोरी वाले फूड्स की डिमांड करने लगता है, जिससे मीठा और जंक खाने की क्रेविंग बढ़ने लगती है।

### ● हमेशा थकान बने रहना

प्रॉपर नींद और आराम लेने के बाद भी अगर दिन भर आप थकान महसूस करते हैं, तो हो सकता है आपका मेटाबॉलिज्म स्लो हो रहा हो। जब शरीर को भोजन से पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिलती, तो बिना मेहनत किए भी थकावट महसूस होने लगती है। इसके कारण मूड स्विंग, चिड़चिड़ापन और ध्यान लगाने में परेशानी होना जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।


New Delhi

# 'अब तक प्रकाशित नहीं हुई फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' जनरल नरवणे की किताब पर पेंगुइन की सफाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर चल रही चर्चाओं पर अपना आधिकारिक बयान जारी किया है। प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने स्पष्ट किया है कि इस किताब के एकमात्र प्रकाशन अधिकार उनके पास हैं, लेकिन यह किताब अब तक प्रकाशित ही नहीं हुई है। न तो इसकी कोई छपी हुई प्रति और न ही डिजिटल संस्करण (ई-बुक, पीडीएफ आदि) बाजार में जारी किया गया है।

किताब की कॉपी लीक होने पर सख्त रुख

पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि अगर किताब




की कोई प्रति, पूरी या आंशिक, किसी भी रूप में, ऑनलाइन या ऑफलाइन, किसी भी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, तो वह कॉपीराइट का उल्लंघन है। ऐसे सभी मामलों में उस सामग्री का प्रसार तुरंत बंद किया जाना चाहिए। प्रकाशक ने यह भी साफ किया कि किताब के अवैध और अनधिकृत प्रसार के खिलाफ वे कानून के तहत उपलब्ध सभी कदम उठाएंगे। यह बयान इसलिए जारी किया गया है ताकि प्रकाशक की स्थिति को रिकॉर्ड पर साफ तौर पर रखा जा सके।

पेंगुइन की तरफ से यह स्पष्टीकरण दिल्ली पुलिस द्वारा पांडुलिपि को डिजिटल और अन्य प्रारूपों में कथित रूप से अवैध रूप से प्रसारित करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने के बाद आया है।

New Delhi

## दिल्ली में व्यापारी को दौड़ा-दौड़ाकर मारी गोली, बीच सड़क हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर आरोप



**दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के बवाना में सोमवार की शाम एक व्यापारी की हत्या कर दी गई. बदमाशों ने उसे बीच सड़क दौड़ा-दौड़ाकर गोलियां मारी. गोली लगते ही व्यापारी जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई. इस दिल दहलाने वाले हत्याकांड ने राजधानी में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिया है. हत्याकांड का एक सीसीटीवी भी सामने आया है.

सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है कि गोली लगने के बाद व्यापारी गिर जाता है. वहीं जब तक थोड़ी दूर खड़े लोग जमीन पर गिरे व्यापारी तक पहुंचते और उसे अस्पताल पहुंचाते, तब तक उसकी मौत हो गई थी. इस मर्डर की जिम्मेदारी अमेरिका में बैठे लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर रणदीप मालिक और अनिल पंडित ने ली है.

हत्याकांड को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट में रणदीप मालिक और अनिल पंडित ने दावा किया कि हत्या हमने करवाई है. पोस्ट में लिखा है कि जय महाकाल, जय श्री राम.... ! ये जो बवाना में बिजनेसमैन वैभव गांधी की हत्या हुई है वो हमने करवाई है. जहां हमने कॉल की थी ये वहां एंट्री कर रहा था. इसलिए हमने इसको इसकी जिंदगी से एग्जिट कर दिया. अगर किसी ने हमारे काम के बीच में आने की कोशिश की तो उसको बिना कॉल किए मरवा देंगे. इधर पूरे हत्याकांड को लेकर पुलिस भी जांच में जुट गई है. पुलिस का कहना है कि एक व्यापारी की बीच सड़क गोली मारकर हत्या कर दी गई है.

Haryana

## जेल में संदिग्ध आतंकी की हत्या

**फरीदाबाद, (एजेंसी)** आतंकी संगठन एक्यूआईएस से संपर्क और हैंड ग्रेनेड व डेटोनेटर के साथ पकड़े गए संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को लगता था कि वो बड़ा बदमाश है। हत्या, हत्या के प्रयास व रंगदारी की वारदात करने वाले, आठ एफआईआर में नामजद, पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार हुए गैंगस्टर अरुण चौधरी को लगता था कि वो बड़ा बदमाश है।

इसी को लेकर बीते सप्ताह दोनों में कहासुनी व गाली-गलौच हो गई। इसी कहासुनी व गाली-गलौच की रंजिश में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अरुण चौधरी ने रविवार रात सो रहे अब्दुल रहमान की हत्या कर दी। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि 3-4 दिन पहले ही दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। जेल प्रबंधन के एक अधिकारी ने बताया कि कुख्यात आरोपियों, संदिग्ध आतंकी को चक्की में रखा जाता है। ये सामान्य बैरक की तुलना में अलग होती है और बंदी को सजा के तौर पर इनमें रखा जाता है। अरुण चौधरी कई वारदात करने के बाद पहले भी अन्य साथी कैदियों व बंदियों के सामने दबदबा बनाने की हरकतें कर चुका था। लगभग 20 दिन पहले ही अब्दुल रहमान, अरुण चौधरी व सोएब रियाज को एक ही चक्की में बंद किया गया था। खुद को बड़ा दिखाने को लेकर ही अरुण व अब्दुल रहमान के बीच कहासुनी हुई थी।

Noida

## हादसे के बाद मदद के लिए पहुंचे लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, नोएडा के सेक्टर 62 में मची चीख-पुकार

**नोएडा, (एजेंसी) नोएडा में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। सेक्टर 62 में पहले एक टेंपो ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। लोग टेंपो चालक की मदद के लिए पहुंचे तो उन्हें एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद डाला। दुर्घटना में करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।**

नोएडा के सेक्टर 58 थाना क्षेत्र के सेक्टर 62 की घटना है। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया था। दुर्घटना में घायल टेंपो चालक को बचाने के लिए कुछ लोग पहुंचे थे। वे घायल को निकाल ही रहे थे कि पीछे से आ रहे सब्जी से भरे हुए तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की चपेट में आकर आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गंभीर अवस्था में नजदीकी अस्पताल में कराया भर्ती। अस्पताल में भर्ती तीन घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की टक्कर से कई लोग हवा में उछल गए।

एक प्रत्यक्षदर्शी शाहरुख ने कहा, 'मैं शादी समारोह से आ रहा था। कुछ एक घायल की हेल्प कर रहे थे। पहले से एक्सीडेंट हो रखा था। छोटा हाथी ने बड़ी गाड़ी में टक्कर मारी थी। लोग मदद कर रहे थे तभी पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। तीन लोगों की हालत गंभीर है।'

खेल

# बीसीसीआई ने जारी की वार्षिक अनुबंध की लिस्ट रोहित-कोहली को नुकसान, A+ श्रेणी हटी

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को 2025-26 सीजन (1 अक्तूबर, 2025-30 सितबंर, 2026) के लिए सीनियर पुरुष और महिला खिलाड़ियों के वार्षिक अनुबंध की घोषणा की। इसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली को नुकसान हुआ है। दोनों को ग्रेड बी में रखा गया है। वहीं, ग्रेड ए में शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा को रखा गया है।**

### ग्रेड ए में पुरुष टीम के तीन और महिला टीम के चार खिलाड़ी शामिल

बीसीसीआई ने तीन खिलाड़ियों को ग्रेड ए में रखा




है। इनमें वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा शामिल हैं। तीनों भारत के लिए दो प्रारूप में खेलते हैं। वहीं, महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को भी ग्रेड ए में रखा गया है।

### ग्रेड बी में 11 पुरुष और 10 महिलाएं शामिल

ग्रेड बी में 11 पुरुष खिलाड़ियों को रखा गया है। इनमें वाशिंगटन सुंदर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर शामिल हैं। इससे पहले रोहित और विराट ए+ वर्ग का हिस्सा थे, लेकिन अब बोर्ड ने इस वर्ग को खत्म कर दोनों खिलाड़ियों को ग्रेड में शामिल किया। वहीं, ग्रेड बी में महिलाओं की तरफ से रेणुका ठाकुर, शेफाली वर्मा, ऋचा घोष, स्नेह राणा, राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री और अरुंधति रेड्डी को रखा गया है।

### ग्रुप सी में 15 पुरुष और 7 महिलाएं

ग्रुप सी में 15 पुरुष खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई और ऋतुराज गायकवाड़ को रखा गया है। वहीं, महिलाओं में श्री चरणी, यास्तिका भाटिया हरलीन देओल, काश्वी गौतम, जी कमालिनी, वैष्णवी शर्मा और तेजल हसबनीस इस ग्रुप में शामिल हैं।

सिनेमा

## 'अपना सिर नीचे रखो और काम...', बॉलीवुड में सर्वाइवल पर बोलीं शनाया कपूर, इनसाइडर पर भी दिया रिएक्शन



बॉलीवुड में इन दिनों भाई-भतीजावाद, प्रिविलेज और सोशल मीडिया पर होने वाली छानबीन को लेकर अक्सर बहस छिड़ी रहती है. ऐसे माहौल में संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर अपनी एक अलग सोच रखती हैं. शनाया का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में उनका सफर कोई 'सर्वाइवल' की जंग नहीं है, बल्कि सीखने और आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर है. बातचीत में शनाया ने बताया कि वे सोशल मीडिया पर होने वाले जजमेंट और आलोचनाओं का सामना कैसे करती हैं. उन्होंने साफ किया कि उनका पूरा फोकस केवल अपने काम पर है और वे मानती हैं कि इस ग्लैमरस दुनिया में कड़ी मेहनत के साथ-साथ किस्मत का भी बड़ा हाथ होता है. अक्सर स्टार किड्स से इंडस्ट्री में टिके रहने या 'सर्वाइव' करने के बारे में सवाल पूछे जाते हैं, लेकिन शनाया इस बात से इत्तेफाक नहीं रखतीं. उनके लिए यह समय सिनेमा का हिस्सा बनने के लिए बेहद रोमांचक है, क्योंकि दर्शक थिएटर में लौट रहे हैं और हर तरफ नए तरह के प्रोजेक्ट्स पर काम हो रहा है. शनाया कहती हैं, 'मैं बस इस सफर का आनंद ले रही हूं और खुद से यही कहती हूं कि अपना सिर नीचे रखो और बस काम करते रहो. अपनी तुलना किसी और से करने का कोई फायदा नहीं है.

## Highlights

1. **5 killed in building collapse in Lebanon, rescue efforts underway**
2. **Four girls in Bihar die after consuming poison over scolding**
3. **Penguin issues statement over circulation of ex-Army chief's unpublished book**
4. **Baby girl dies as warmer machine catches fire in UP hospital**
5. **India-US trade deal puts tariff impact in focus**
6. **Aamir Khan slips mid-match at pickleball event**

# Retail auto sales surge 17.6% in January 2026 as GST cheer sustains




**NEW DELHI, (Agency).** Auto sales in January 2026 were at their highest since the festive season last year as the momentum brought on by GST rationalisation sustained for vehicles of all shapes and sizes.

A total of 27,22,558 vehicles were registered on the government's VAHAN portal last month — up 17.61% over the year-ago period, according to data compiled by the Federation of Automobile Dealers Associations. While the two-wheeler sales rose 20.82% year-on-year to 18,52,870 units, car sales increased 7.22% year-on-year to 5,13,475 units.

Auto sales in January 2026: A snapshot

2W sales up 20.82% YoY at 18,52,870 units

3W sales up 18.80% YoY at 1,27,134 units

Car sales up 7.22% YoY at 5,13,475 units

CV sales up 15.07% YoY at 1,07,486 units

Tractor sales up 22.89% YoY at 1,14,759 units

The GST momentum was supported by rural demand, especially due to harvest festivals of Pongal and Makar Sankranti as well as the ongoing wedding season. The demand comes with its own set of challenges, however, that of supply as well as discounting and high base-effect in some segments.

On 22 September, the government cut GST rates on soaps to small cars as part of a rationalisation move to reduce the number of tax slabs to two (5% and 18%) as against four (5%, 12%, 18% and 28%) earlier. A new GST rate of 40% was brought in for so-called sin goods like tobacco products, sports utility vehicles and luxury items. The new GST rates across vehicle types is as under:

FADA expects the sales momentum to sustain at least till the end of the fiscal, on the back of a growth-oriented budget and interest rate stability and, of course, the GST rate cut.

# Alphabet plans rare sale of 100-year bonds a first since the dotcom bubble

**NEW DELHI, (Agency).** Alphabet Inc. is borrowing far and wide to finance the unprecedented spending plan behind its AI ambitions, and investors can't seem to get enough.

The Google parent raised $20 billion in its biggest ever US dollar bond sale on Monday—more than the $15 billion initially expected, after racking up one of the biggest order books of all time. It's also planning debut deals in Switzerland and the UK, including a rare sale of 100-year bonds—marking the first time a tech company has tried such an offering since the dotcom frenzy of the late 1990s.




The big borrowing spree comes just days after technology companies from Meta Platforms Inc. to Amazon.com Inc. said they were ramping up spending to meet their ambitious AI plans. Their plans fanned fears that the AI arms race, and the billions of dollars of debt needed to help fund it, would weigh on credit markets.

Investors appeared to push those concerns to the side on Monday, as the Alphabet bond sale drew more than $100 billion of orders.

"Clearly we're not in a typical capex cycle, and after previously being net savers, the companies involved are now going deep into the well for financing to secure the resources to compete," said Andrew Dassori, chief investment officer at Wavelength Capital Management LLC.

### घर खाली कराने पहुंची थी टीम

# बैंक कर्मचारी ने गोली मारकर खुदकुशी की

● **मकान पर ढाई करोड़ का कर्ज था**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बैंककर्मी ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना विजय नगर में सिनर्जी अस्पताल के पास सोमवार शाम करीब साढ़े 5 बजे की है। मृतक का नाम हेमंत पिता एसडी ब्रह्मवंशी बताया गया है। वह को-ऑपरेटिव बैंक में काम करता था।**




हेमंत ने अपने मकान को गिरवी रखकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र से ढाई करोड़ का कर्ज ले रखा था। डेढ़ साल से किश्त न चुकाने पर बैंक की टीम मकान खाली कराने पहुंची थी। बैंक के कर्मचारी मकान की पहली मंजिल पर लिखा-पढ़ी कर रहे थे, इसी दौरान हेमंत ने आत्महत्या कर ली। हेमंत के परिवार में दो लड़के, एक लड़की और मां हैं। विजय नगर थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने कहा- हेमंत ने अपनी लायसेंसी बंदूक से सिर पर गोली मारी। वह अपने रूम में अकेला बैठा था। कर्ज के चलते काफी समय से वह डिप्रेशन में था। इलाज भी चल रहा था। बड़े बेटे ने इसकी पुष्टि की है। टीआई पटेल के मुताबिक, कर्ज चुकाने को लेकर बैंक से कई बार नोटिस तामील हुए थे। हेमंत उसका जबाव नहीं देता था।

## पान दुकान पर युवक को हार्ट अटैक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित बिचौली मर्दाना इलाके में एक पान की दुकान पर काम कर रहे युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक अचानक गश खाकर गिर पड़ा, जिसके बाद आसपास मौजूद लोग उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान कुलदीप (22) पुत्र शंभूसिंह निवासी गुलमर्ग परिसर के रूप में हुई है। रिश्तेदारों ने बताया कि कुलदीप अपने परिचित भगवत सिंह की बिचौली मर्दाना स्थित पान की दुकान पर काम कर रहा था। रविवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश होकर गिर गया। परिजनों के अनुसार कुलदीप करीब छह माह पहले ही इंदौर आया था और अपने चाचा के साथ रह रहा था। वह निजी कंपनी में नौकरी करता था। भगवत सिंह को दो दिन के लिए बाहर जाना था, इसलिए उसने कुलदीप से दुकान संभालने के लिए कहा था। कुलदीप मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला था। उसके पिता खेती करते हैं, जबकि एक भाई और दो बहनें गांव में ही रहते हैं। पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और वे शव लेकर राजस्थान रवाना हो गए हैं।

## नशे में मंदिर के सामने की लघुशंका, 3 गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रावजी बाजार थाना क्षेत्र स्थित मोती तबेला इलाके में नशे की हालत में हनुमान मंदिर के पास पेशाब करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। रावजी बाजार पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई करते हुए आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।**

जानकारी के मुताबिक शनिवार को मंदिर के बाहर नशे की हालत में तीन युवकों ने आपत्तिजनक हरकत की थी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता तन्नू शर्मा ने इस मामले की जानकारी रावजी बाजार पुलिस को दी और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ने की चेतावनी भी दी थी।

पुलिस ने वीडियो और स्थानीय रहवासियों द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर अर्पित चौहान, राजा दुबे और कमल अहिरवार को पकड़ लिया। थाने में पूछताछ के दौरान तीनों युवकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कान पकड़कर माफी मांगी और कहा कि वे नशे की हालत में थे और भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं तो वे इसके लिए क्षमा चाहते हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक